उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 31.03.2026

पिटकुल हेतु टैरिफ आदेश वित्तीय वर्ष 2026–27 – मुख्य बिन्दु

- पिटकुल (PTCUL) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक कार्य निष्पादन समीक्षा (APR) तथा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए वार्षिक राजस्व आवश्यकता (ARR) के साथ वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु सहीकरण (truing up) के अनुमोदन के लिए 28 नवंबर, 2025 को आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई।
- **तद्नुसार आयोग द्वारा इस टैरिफ आदेश में निम्न अनुमोदन किये गये हैं :–**

  1. वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु सहीकरण (Truing-Up) का अनुमोदन।
  2. वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु वार्षिक पारेषण प्रभार का निर्धारण।
- पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 के सहीकरण (truing up) हेतु रू0 74.90 करोड़ की धनराशि का अन्तर (Gap) दर्शाया गया था, जिसके सापेक्ष आयोग द्वारा रू0 11.68 करोड़ का अन्तर (Gap) अनुमोदित किया गया है।
- पिटकुल द्वारा दावा की गयी पूंजीकरण (capitalisation) राशि एवं आयोग द्वारा अनुमोदित पूंजीकरण (capitalisation) राशि निम्न तालिका में दर्शायी गयी है :–

तालिका : आयोग द्वारा अनुमोदित पूंजीकरण (capitalisation) राशि (रू0 करोड़)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2024-25		वित्तीय वर्ष 2025-26		वित्तीय वर्ष 2026-27	
	प्रस्तावित	अनुमोदित	प्रस्तावित	अनुमोदित	प्रस्तावित	अनुमोदित
वर्ष के दौरान पूंजीकरण	252.93	236.29	1125.38	327.69	764.40	884.46

- पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये प्रस्तावित वार्षिक पारेषण प्रभार तथा आयोग द्वारा अनुमोदित की गयी प्रतिशत वृद्धि निम्न तालिका में दर्शायी गयी हैः–

तालिका : वार्षिक पारेषण प्रभार (ATC) (रू0 करोड़)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2025–26	वित्तीय वर्ष 2026–27	
	MYT टैरिफ आदेश दिनांक 11.04.25 में अनुमोदित	प्रस्तावित	अनुमोदित
पिटकुल (ATC)	432.51	695.11	527.55
विगत वर्षो का सहीकरण का प्रभाव वहन लागत सहित	35.87	95.01	14.78
पॉवर डेवलपमेन्ट फण्ड में विगत लाभांश वहन लागत सहित	78.56	78.56	93.75
कुल	546.94	868.68	636.08
गतवर्ष की तुलना में वृद्धि (%में)	-	58.83%	16.30%

- दिनांक 11 अप्रैल 2025 के MYT आदेश में जारी निर्देशों के क्रम में और उससे पहले अनुमोदित चरणबद्ध वसूली हेतु अनुसूची के अनुसार आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए पीडीएफ पर लाभांश (Return on Equity) रू0 93.75 करोड़, जिसमें रू0 15.19 करोड़ की वहन लागत (Carrying Cost) भी शामिल है, को अनुमोदित किया गया है।

***